Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps for revival of Bharat Pumps and Compressors Ltd. in Prayagraj, Uttar Pradesh.

प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी । प्रयागराज में नैनी क्षेत्र है जो मेरे संसदीय क्षेत्र इलाहाबाद में आता है ।…(व्यवधान) यहां पर भारत पंप्स एंड कंप्रेसर्स लिमिटेड एक सार्वजनिक कंपनी है, जो भारत की एकमात्र सार्वजनिक और निजी कंपनियों में से है । यह कंपनी भारी क्षमता के पंप्स एंड कंप्रेसर्स बनाती है और ओएनजीसी, ओआईसीएल और एनपीसीआईएल को सप्लाई करती है । इसकी प्राइसेज इतनी कंपीटिटिव है कि विदेश से आने वाले जो पंप्स एंड कंप्रेसर्स हैं, उन्हें भी इसकी प्राइसिंग की वजह से अपनी प्राइसेज लो रखनी पड़ती है । यह कंपनी वर्तमान में मुनाफे में चल रही है ।…(व्यवधान) इस कंपनी के जो हालात खराब हुए थे, वे अब ठीक हो चुके हैं । एक समय में यह मिनी रत्न कंपनी भी रह चुकी है । लेकिन, मेरे संज्ञान में आया है कि संभवत: अधिकारियों एवं सचिवों के स्तर पर इस कंपनी को बंद करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है । मैं आदरणीय मंत्री जी से और सरकार से अपील करती हूं कि नैनी का औद्योगिक नगर धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है, उसको बचाएं और ओएनजीसी और ओआईसीएल वगैरह को, जो हमारी भारत पंप्स एंड कंप्रेसर्स सप्लाई देती है, उसको कंटीन्यू रखें । जनहित में यह कंपनी बंद नहीं होनी चाहिए । …(व्यवधान)

-